# UGC-NET PAPER-1 (General Paper) SHIFT-2 14-OCT-2022

निर्देश (प्र. सं. 1-5) दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चार भारतीय राज्यों A-D में पाइथन, जावा, मल्टीमीडिया और ए. आई. पर चार आई. टी. कोर्स (पाठ्यक्रम) ऑफर करने वाले महाविद्यालयों का प्रतिशत किसी निश्चित वर्ष के अनुसार निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित हैं। तालिका में चार राज्यों में महाविद्यालयों की संख्या का वितरण भी प्रतिशत वार दिया गया है। चार राज्यों में महाविद्यालयों की कुल संख्या 4000 है। तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

आई. टी. पाठ्यक्रम ऑफर करने वाले महाविद्यालयों का राज्यवार प्रतिशत

| राज्य | महाविद्यालयों का ऑफर करने का % | | | | महाविद्यालयों की संख्या का % वितरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | पाइथन | जावा | मल्टीमीडिया | ए. आई. | |
| A. | 86% | 74% | 59% | 56% | 35% |
| B. | 80% | 92% | 82% | 84% | 15% |
| C. | 74% | 88% | 84% | 86% | 20% |
| D. | 68% | 64% | 68% | 70% | 30% |

1. राज्य B में जावा ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या राज्य C में ए. आई. ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

(1) 78.15% (2) 80.23% (3) 82.25% (4) 84.52%

2. यदि सभी चारों राज्यों में पाइथन और जावा ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या क्रमशः M और N के रूप में प्रस्तुत की गई है, तो M - N =

(1) 64 (2) 96 (3) 48 (4) 32

3. पाइथन पाठ्यक्रम ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या निम्नलिखित में से किसमें 460 से अधिक है?

(1) सभी चारों राज्यों में

(2) केवल तीन राज्यों में

(3) केवल दो राज्यों में

(4) केवल एक राज्य में

4. सभी चारों राज्यों में ए. आई. ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की कुल संख्या कितनी है?

(1) 2784

(2) 2816

(3) 2864

(4) 2952

5. राज्य C में मल्टीमीडिया ऑफर करने वाले महाविद्यालयों की संख्या का अनुपात राज्य D की अपेक्षा कितना है?

(1) 2:3

(2) 11:13

(3) 14:17

(4) 13:16

6. आगमनात्मक युक्ति के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(1) यदि सभी आधार वाक्य सही हैं, तो निष्कर्ष अनिवार्यतः सही होना चाहिए।

(2) इसमें निष्कर्ष के समर्थन का दावा केवल सम्भाव्यता की कुछ सीमा तक ही किया जाता है।

(3) इसमें निष्कर्ष के सम्पूर्ण समर्थन का दावा किया जाता है।

(4) इसमें निष्कर्ष पूर्णतः पहले से ही आधार वाक्य में अन्तर्विष्ट होता है।

7. एम. आई. डी. आई. संगीत (म्यूज़िक) फाइलों के भण्डारण से सम्बन्धित है। एम. आई. डी. आई निम्नांकित में से किसके लिए एक परिवर्णी शब्द है?

(1) म्यूज़िकल इण्टरेक्टिव डिजिटल इण्टरफेस

(2) म्यूज़िकल इन्सट्रक्शन्स डिवाइस इण्टरप्रेटर

(3) मास्क इटिरेटिव डिस्प्ले इन्स्टेंस

(4) म्यूज़िकल इन्स्ट्रूमेण्ट डिजिटल इण्टरफेस

8. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए |

| सूची I (विषय का नाम) | सूची II (क्षेत्र और विषयवस्तु) |
|---|---|
| A. काव्य | I. कृषि व्यापार, वाणिज्य, पशुपालन |
| B. अन्वीक्षिकी | II. शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र |

| | |
|---|---|
| C. वार्ता | III. तर्कशास्त्र |
| D. निरुक्त | IV. कल्पनात्मक और सृजनात्मक साहित्य |

कूट

A B C D

(1) II III IV I

(2) IV III III

(3) III IV II I

(4) II IV I III

9. निम्नलिखित में से कौन-से मूक प्लेटफॉर्म (मंच) हैं?

A. गूगल मीट

B. कोर्सेरा

C. जूम

D. फ्यूचर लर्न

E. टर्निटिन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, D और E

(2) B, D और E

(3) B और D

(4) C और D

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं कथन I

किसी रसायन का तीक्ष्ण उद्भासन उस रसायन द्वारा होने वाला दीर्घकालिक सतत् उद्भासन है।

कथन II किसी रसायन का चिरकालिक उद्भासन उस रसायन का अल्पकालिक उद्भासन है। उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है

11. किसी रत्न का मूल्य, तीन विक्रेताओं से गुजरते हुए समप्रतः 65% बढ़ जाता है। यदि प्रथम और द्वितीय विक्रेता को क्रमशः 20% और 25% लाभ प्राप्त होता है, तो तृतीय विक्रेता द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

(1) 10% (2) 15% (3) 16% (4) 12%

12. यदि कोई बालक चीखता चिल्लाता और झल्लाता है, तो वैयक्तिक विभिन्नताओं का निम्नलिखित में से कौन-सा विकासात्मक क्षेत्र प्रभावित होगा?

(1) सामाजिक (2) मानसिक (3) संवेगात्मक (4) शारीरिक

13. नीचे दी गई श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए।

124, 148, 196, 268, 364, ?

(1) 484 (2) 584 (3) 464 (4) 268

14. यदि 729 मिली के मिश्रण में दूध और जल का अनुपात 7:2 है, तो 7:3 के अनुपात में दूध और जल के मिश्रण व्याख्या को प्राप्त करने के लिए कितना जल मिलाया जाए?

(1) 81 मिली (2) 90 मिली (3) 85 मिली (4) 75 मिली

15. नीचे दो कथन दिए गए हैं: कम्प्यूटर मेमोरी के सन्दर्भ में कथन I रोम (ROM) अस्थायी मेमोरी है, जिस पर लिखा जा सकता है और जिसे पढ़ा जा सकता है तथा मेमोरी की अन्तर्वस्तु को परिवर्तित किया जा सकता है। कथन II रैम (RAM) स्थायी मेमोरी है, जिससे केवल पढ़ा जा सकता है और मेमोरी की अन्तर्वस्तु को परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

16. मीडिया सन्देशों में निम्नलिखित में से किसकी विविध परतें होती हैं?

(1) यौक्तिकीकरण

(2) सम्मिश्र प्रतिरोध

(3) बहुरूपी आशय

(4) प्रतिबन्धक अनुष्ठान

17. चाणक्य ने 'अर्थशास्त्र' की रचना कहाँ की थी?

(1) सारनाथ

(2) तक्षशिला

(3) नालन्दा

(4) विक्रमशिला

18. भारतीय शास्त्रीय तर्कमत के बारे में निम्नांकित में से कौन-से कथन सही हैं?

A. यह निगमनात्मक होता है।

B. यह आगमनात्मक होता है।

C. यह आकारिक होता है।

D. यह पदार्थीय होता है।

E. यह सदैव सामान्य स्वरूप से विशेष स्वरूप की ओर प्रवृत्त होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, B, C और D

(2) B और C

(3) A और D

(4) ये सभी

19. निम्नलिखित में से कौन वेब सर्च इंजन हैं?

A. डक डक गो

B. गूगल

C. याहू सर्च

D. बिंग

E. पिन्टेरेस्ट

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, C और D

(2) A, B, C और D

(3) B और E

(4) A, C, D और E

20. सम्प्रेषी अक्षमता का स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) व्यक्तिगत अनुतोषण की इच्छा

(2) सुपरिचित सम्बन्धों का निहितार्थ

(3) समकक्षों का दबाव

(4) सीमित ज्ञान

21. एक दिन एक व्यक्ति सुबह की सैर के लिए घर से निकला और 12 किमी दक्षिण की ओर गया। वह उसके बाद दाहिनी ओर मुड़ा और 8 किमी चला। एक बार फिर दाहिने मुड़ा और 12 किमी चला, फिर बायथीं ओर मुड़ा और 10 किमी चला। व्यक्ति को सीधे अपने घर पहुँचने के लिए कितने किलोमीटर चलना होगा?

(1) 22 किमी

(2) 18 किमी

(3) 20 किमी

(4) 24 किमी

22. निम्नलिखित में से कौन-से सहज वातावरण के तत्त्व हैं?

A. प्रेरक वातावरण का निर्माण

B. व्यक्तिगत प्रयासों में शामिल होना

C. सहयोगी टीम कार्य

D. कक्षा के भीतर विनिमेय गतिविधि

E. निमग्नतापूर्वक श्रवण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, B और E

(2) A, C और E

(3) B, C और D

(4) C, D और E

23. नीचे दो कथन दिए गए हैं कथन 1 प्रत्यक्षवाद कहता है कि विज्ञान को अनुमानात्मक और पराभौतिक दृष्टिकोणों से मुक्त होने की आवश्यकता नहीं है। कथन II प्रत्यक्षवाद प्रकृति विज्ञान के अनुकूल है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।) कथन I और II दोनों सही हैं।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही हैं। परन्तु कथन II गलत है |

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

24. आभासी नृजातिवृत्त किस प्रकार के परिवेश में अवस्थित होता है?

(1) नैसर्गिक परिवेश

(2) तकनीकी परिवेश

(3) राजनीतिक परिवेश

(4) आर्थिक परिवेश

25. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार निर्णयन प्रक्रिया में कौन-सा पक्ष सर्वाधिक प्रासंगिक होने की ओर इंगित करता है?

(1) बच्चे की आयु

(2) कानून का ज्ञान

(3) मित्रों एवं सहोदरों का प्रभाव

(4) बच्चा निष्कर्ष कैसे निकालता है ?

26. सामुदायिक महाविद्यालयों द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के मिश्रण में से किसके प्रदान की अपेक्षा की जाती है?

(1) ललित कला और जीवन कौशल

(2) विद्यालय और महाविद्यालय शिक्षा

(3) तकनीकी और पारम्परिक कौशल

(4) ज्ञान, तकनीकी और मृदु कौशल

27. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के प्रमुख विचारार्थ विषय निम्नलिखित में से कौन-से थे?

A. ज्ञान सृजन के क्षेत्र में विकसित देशों को चुनौती देना

B. भारतीय शिक्षा पद्धति का पाश्चात्यीकरण

C. विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं में ज्ञान सृजन को प्रोत्साहन

D. कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र में ज्ञान अनुप्रयोगों को प्रोत्साहन

https://www.pyqonline.com

E. इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षा पद्धति में उत्कृष्टता का निर्माण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और E

(4) A, B और E

28. कौशल विकास एवं उद्यमिता मन्त्रालय द्वारा प्रारम्भ किए गए 'परिवर्णी' शब्द एस.ए.एन.के.ए.एल.पी. निम्नांकित में किसका संक्षिप्त रूप है?

(1) स्किल अवेयरनेस एण्ड नॉलेज असेसमेण्ट ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन

(2) स्किल एडीशन एण्ड नॉलेज असेसमेण्ट ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन

(3) स्किल एक्विजीशन एण्ड नॉलेज अवेयरनेस ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन

(4) स्किल असेसमेण्ट एण्ड नॉलेज अवेयरनेस ऑफ लिवलीहुड प्रमोशन

29. निम्नलिखित में से कौन शिक्षक केन्द्रित विधि के अन्तर्गत नहीं आता है?

(1) निदर्शन

(2) दल (टीम) शिक्षण

(3) जाँच उपागम

(4) व्याख्यान विधि

30. मोहित ने बॉबी, डैनी एवं अशोक को ई-मेल प्रेषित किया है, जिसे इस प्रकार दर्शाया गया है

| |
|---|
| From: Mohit@gmail.com |
| To: Bobby@gmail.com |
| C: Danny@gmail.com |
| Bcc: Ashok@gmail.com |
| Subject: Important Update |
| Dear Colleague |
| Please note that tomorrow's meeting has been cancelled. |
| Regard |
| Mohit |

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) बॉबी और डैनी को ज्ञात है कि अशोक को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

(2) डैनी को ज्ञात है कि अशोक और बॉबी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

(3) अशोक को ज्ञात है कि बॉबी और डैनी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

(4) सभी प्राप्तकर्ताओं को ज्ञात है कि अन्य सभी को ई-मेल प्राप्त हो गया है।

31. आँकड़ों के गुणात्मक विश्लेषण के लक्ष्यों में से एक है

(1) चयनित पाठ या सामग्री का विस्तार करना

(2) शोधकर्ताओं के प्रत्यायकों का विश्लेषण करना

(3) किसी परिघटना का वर्णन करना

(4) द्विभाजक विच्छेदन पर ध्यान केन्द्रित करना

32. निम्नलिखित में से कौन-से कथन तार्किक दृष्टि से समान हैं?

A. कोई PS नहीं होता है।

B. कुछ S गैर-P होते हैं।

C. कुछ गैर-P गैर-S नहीं होते हैं।

D. कुछ S P नहीं होते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) B और C

(2) C और D

(3) B, C और D

(4) A, B, C और D

33. आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेन्डाई रूपरेखा के अवधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(1) 2015-2030

(2) 2020-2040

(3) 2015-2025

(4) 2020-2030

34. निम्नलिखित में से कौन-सी विषयवस्तु विश्लेषण के लाभ हैं?

A. पारदर्शी शोध प्रविधि

B. गैर-प्रतिक्रियात्मक प्रविधि

C. नम्य प्रविधि

D. प्रविधि जिसमें कोडिंग मैन्युअल की आवश्यकता नहीं है

E. प्रविधि जो किसी प्रकार की रूपरेखा से मुक्त है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और E

(4) A, D और E

35. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन I जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान हेतु विश्व के लिए यह आवश्यक है कि वर्ष 2050 'निवल शून्य' कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को अर्जित करें।

कथन II शून्य कार्बन उत्सर्जन ग्रे-हाइड्रोजन के उत्पादन के साथ सम्बद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत हैं, परन्तु कथन II सही है।

36. निम्नलिखित में से किसे गैर-वाचिक सम्प्रेषण के रूप में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है?

A. मनोहर स्वर

B. भंगिमाएँ

C. संकेत (जैस्वर्स)

D. चेहरे की अभिव्यक्तियाँ

E. जोरदार अभिवादन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A, B और C

(2) B, C और E

(3) C, D और E

(4) B, C और D

37. सर्वेक्षण आधारित शोध के प्रमुख नैतिक पहलू हैं

A. सहभागियों को किसी प्रकार की हानि से बचाना

B. सहभागियों की संलग्नता को लोकप्रिय बनाना

C. लोगों के विभिन्न स्तरों के बीच अन्तर करना

D. व्यक्तिगत निजता को प्रभावित करना

E. निजी लाभ के लिए व्यक्तिगत निजता का उपयोग करना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) A, C और E

(4) A और D

38. किसी परीक्षा में 42% विद्यार्थी गणित में तथा 52% विज्ञान में अनुत्तीर्ण होते हैं। यदि 17% विद्यार्थी दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण होते हैं, तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(1) 23%

(2) 25%

(3) 27%

(4) 30%

39. आज विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिए गए भाषण पर विचार करते हुए, मैं यह निष्कर्ष निकालूंगा कि वृह उत्तम लोक वक्ता नहीं हैं। उपर्युक्त युक्ति में अन्तर्विष्ट अनाकारिक तर्क दोष की पहचान कीजिए।

(1) स्लिपरी स्लोप

(2) ऐड होमिनेम

(3) बल-आग्रह

(4) त्वरित सामान्यीकरण

40. जब अनुमान कार्य-कारण भाव पर आधारित न होकर सह-अस्तित्व की एक रूपता पर आधारित होता हो, तो तर्क भारतीय शास्त्रीय मत के अनुसार इसे क्या कह जाता है?

(1) केवलान्वयी

(2) सामान्यतोदृष्ट

(3) पूर्ववत

(4) शेषवत

41. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I (अधिगम के प्रकार) | सूची II (आशय) |
|---|---|
| A. तथ्यपरक अधिगम | I. इस अधिगम का उपयोग सूचना को तार्किक संर संगठित करने हेतु किया जाता है। |
| B. साहचर्य अधिगम | II. इस अधिगम का उपयोग व्यक्तित्व और सुसंगत चिन्तन के विकास हेतु किया जाता है। |
| C. संकल्पनात्मक अधिगम | III. इस अधिगम का उपयोग किसी लक्ष्य को प्राप्त गतिविधियों के अनुक्रम को संगठित करने हेतु किया जाता। |
| D. प्रक्रियात्मक अधिगम | IV. इस अधिगम का उपयोग अधिक गहन तरीके से परिशुद्ध तरीके से सुचना चना के साथ सम्बद्ध करने हेतु किया जाता है| |

कूट

A B C D

(I) II IV I II

(II) II I III IV

(III) II III IV I

(IV) III I IV II

42. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन I वाष्पशील कार्बनिक रसायनों का सान्द्रण भूमिगत जल की अपेक्षा सतही जल में सामान्यतः 100-1000 गुना अधिक होता है।

कथन II वाष्पशील कार्बनिक रसायनों के शोधन की सर्वाधिक सामान्य विधि उन्हें वातावरण में वातित करना है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

43. ताप-अपघटन निम्नलिखित में से किस समस्या के समाधान में सहायता करती है?

(1) वायु प्रदूषण

(2) जल प्रदूषण

(3) म्यूनिसिपल ठोस अपशिष्ट

(4) इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट

44. नीचे दो कथन दिए गए हैं

कथन I अधिकांशतः सम्प्रेषण के साथ शक्ति सम्बन्धी मूल्य जुड़े रहते हैं।

कथन II जिनके पास सम्प्रेषण की शक्ति नहीं होती है, वे सदैव इसे अर्जित करना चाहते हैं। उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

45. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।

| सूची I (कथन) | सूची II (संख्या) |
|---|---|
| A. बिट्स की वह संख्या, जिससे एक बाइट बनता है। | I. 5 |
| B. द्विआधारी संख्या 001111 का बेस-10 (दाशमिक) मान | II. 8 |
| 2 मेगाबिट्स प्रति सेकण्ड अपलोड स्पीड 10 पर कोई 75 मेगाबाइट की फाइल के अपलोड होने में लगने वाले मिनट | III. 10 |
| यदि एक किलोबाइट में $2^P$ बाइट्स हो, 15 तो P का मान कितना होगा? | IV. 15 |

कूट

A B C D

(1) I II III IV

(2) II IV I III

(3) III IV I II

(4) II I IV III

46. बनारस में महात्मा गाँधी के भाषण का तथ्य कार निम्नलिखित में से कौन-सा था?

(1) वकीलों, चिकित्सकों और भूस्वामियों ने अंग्रेजों का पक्ष लिया।

(2) भारतीय राष्ट्रवाद संभ्रान्तवादी था।

(3) भारत में राष्ट्रवाद अन्य स्तर का था।

(4) विद्‍यमान भारतीय राष्ट्रवाद अत्यन्त प्रभावी था।

47. गाँधी जी ने अपने नीति बोध को निम्नलिखित में से कि दौरान कार्यान्वित किया?

(1) लखनऊ सभा

(2) भूस्वामियों के साथ वार्ता

(3) चम्पारण सत्याग्रह

(4) राष्ट्रीयवादी नेताओं के साथ बातचीत

48. गाँधीजी के भाषण में निम्नलिखित में से किस आशय के अभिव्यक्ति हुई थी?

(1) भारतीय राष्ट्रवाद को और अधिक प्रतिनिधिक स्वरूप देना

(2) निर्वासितों की राजनैतिक रूप से सक्रिय होने की इच्छा की उद्घोषणा करना

(3) भारतीय राष्ट्रवाद के कार्यकलापों की आलोचना करना

(4) नया राष्ट्रवादी आन्दोलन आरम्भ करना

49. गद्यांश का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से किसका वर्णन करना है?

(1) भारत में ब्रिटिश अत्याचार

(2) भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के भिन्न पक्ष

(3) भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध विविध अभियान

(4) गाँधी जी का प्रतिनिधिक राष्ट्रीय नेता के रूप में आविर्भाव

50. निम्नलिखित में से किस मुद्दे ने गाँधी जी को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आन्दोलन के लिए प्रेरित किया?

(1) अहमदाबाद में कपड़ा मिल कर्मकारों का श्रम विवाद

(2) खेड़ा में किसानों का आन्दोलन

(3) नील कृषकों का अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह

(4) रोलेट एक्ट

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 11 | 1 | 21 | 2 | 31 | 3 | 41 | 1 |
| 2 | 4 | 12 | 3 | 22 | 2 | 32 | 3 | 42 | 4 |
| 3 | 1 | 13 | 1 | 23 | 4 | 33 | 1 | 43 | 3 |
| 4 | 2 | 14 | 1 | 24 | 2 | 34 | 1 | 44 | 1 |
| 5 | 3 | 15 | 2 | 25 | 4 | 35 | 3 | 45 | 2 |
| 6 | 2 | 16 | 3 | 26 | 4 | 36 | 4 | 46 | 2 |
| 7 | 4 | 17 | 2 | 27 | 3 | 37 | 4 | 47 | 3 |
| 8 | 2 | 18 | 1 | 28 | 3 | 38 | 1 | 48 | 1 |
| 9 | 3 | 19 | 2 | 29 | 3 | 39 | 4 | 49 | 4 |
| 10 | 2 | 20 | 4 | 30 | 3 | 40 | 2 | 50 | 4 |